भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2858
दिनांक 17 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

डिब्बाबंद खाद्य पर लेबल लगाना

2858. श्री तीरथ सिंह रावत:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की हेल्थ स्टार रेटिंग (एचएसआर) दर्शाने के लिए इन पर लेबल लगाने के लिए नियम बनाने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में विलंब के क्या कारण हैं;
(घ) क्या यह दिशानिर्देश उपभोक्ताओं को मानक डिब्बाबंद उत्पादों की पहचान करने के अलावा पोषण तत्वों का पता लगाने में मदद करेंगे; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)

(क) से (ड.): भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानदंड प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सितम्बर, 2022 में खाद्य सुरक्षा और मानदंड (लेबलिंग एंड डिस्प्ले) संशोधन विनियमन का मसौदा अधिसूचित किया जो https://fssai.gov.in/upload/uploadfiles/files/Draft_Notification_HFSS_20_09_2022.pdf. पर उपलब्ध है।

इन संशोधन विनियमों में उच्च वसा, चीनी और नमक (एचएफएसएस खाद्य पदार्थ) युक्त खाद्य पदार्थों की परिभाषा और भारतीय पोषण रेटिंग (आईएनआर) के साथ डिब्बाबंद खाद्य सामग्री की फ्रंट- ऑफ़- पैक लेबलिंग (कुछ खाद्य पदार्थों को छोड़कर जिनके लिए छूट प्रदान की गई हैं) का भी प्रस्ताव है।

*****